## खबर संक्षेप

### किशनपुरा दामला में दुकान से जेवर चोरी

**यमुनानगर।** गांव औरंगाबाद निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव किशनपुरा दामला में उसकी श्री ओम जगदंबा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। दोपहर एक बजे वह दुकान को बंद करके किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो दुकान से नाक की नथलियों का पैकेट जिसका वजन 24 ग्राम तथा कानों की बोलियों का पैकेट जिसका वजन 10 ग्राम है चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी हुए जेवर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### शादी का झांसा देकर किया नाबालिग को अगवा

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहता है। 31 मई को दोपहर दो बजे उसकी नाबालिग लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसे अपनी लड़की के बारे में कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को सादिक नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### व्यक्ति पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में निवासी महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसका पीछा करने तथा अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 55 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही संदीप कुमार उसका काफी दिन से पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। उसने आरोपी की हरकतों को नजर अंदाज किया। मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। महिला ने बताया कि 29 में को शाम छह बजे वह किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी संदीप ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। परेशान होकर उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी वहां से भाग गया। उसने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

# जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी: अखौरी

1. *विभिन्न गांवों के मॉडल तालाबों का भी दौरा किया और वृक्षारोपण किया*
2. *केंद्रीय रक्षा मंत्रालय निदेशक ने ली बैठक*
3. *जल शक्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई*
4. *बच्चों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय में जिला के सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के निदेशक एवं मुख्य नोडल अधिकारी जल शक्ति अभियान यमुनानगर अखिल अखौरी ने की। मौके पर जल शक्ति मंत्रालय के उप निदेशक रोहित सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में जिला में हुए सभी जल शक्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई और जल बजट के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल भी मौजूद रहे।

## प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में जल शक्ति के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नोडल अधिकारी अखिल अखौरी।

*रक्षा मंत्रालय के निदेशक एवं मुख्य नोडल अधिकारी जल शक्ति अभियान यमुनानगर अखिल अखौरी ने कहा कि जल शक्ति अभियान का उद्देश्य केंद्र व राज्य के गैप को कम करना है। उन्होंने कहा कि जिला यमुनानगर का ग्राउंड वाटर लेवल अच्छा है। अटल भू जल योजना के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। अखौरी ने अधिकारियों को बच्चों को पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता आदि के माध्यम से बच्चों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले जल संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। मेरा पानी मेरी विरासत के तहत किसान को धान न लगाकर अन्य फसलें मक्का, पॉपुलर व चारा आदि लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। उद्योगों को जल शक्ति अभियान में सीएसआर फंड देना चाहिए और जल संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाना जरूरी है।*

### कार्यों के बारे में जानकारी दी

*इस दौरान जल संसाधन विभाग जगाधरी के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार ने जल शक्ति अभियान तथा जल संरक्षण के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभागों वन विभाग, कृषि, मृदा संरक्षण, पब्लिक हेल्थ, नगर निगम, शिक्षा व अन्य विभागों ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के निदेशक अखिल अखौरी ने अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी खंड की भोजपुर ग्राम पंचायत, बकरवाला व मंधार और पब्लिक हेल्थ के कार्यों का निरीक्षण किया गया।*

## रोटरी क्लब रादौर ने गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में कस्बा के नजदीक चलाया अभियान

# ऐतिहासिक एवं प्राचीन पक्का घाट पर सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**गंगा दशहरा पर्व के मौके पर चार जून को हजारों श्रद्धालु जहां पक्का घाट पर स्नान करेंगे, वहीं वह पूजा पाठ कर सुख शांति की कामना करेंगे**

- पश्चिमी यमुना नहर स्थित प्राचीन पक्का घाट पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा के निकट बह रही पश्चिमी यमुना नहर के किनारे बने ऐतिहासिक एवं प्राचीन पक्का घाट पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं, प्राचीन पक्का घाट से साफ सफाई करके कूड़ा कर्कट उठाकर दूर स्थान पर डाला गया। ताकि चार जून को गंगा दशहरा पर्व पर प्राचीन घाट पर स्नान करने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को साफ स्वच्छ वातावरण मिल सके। रोटरी क्लब के उप प्रधान भारत माटिया व मुख्य सलाहाकार डॉ. एससी सैनी ने बताया कि कस्बा के पक्का घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं। गंगा दशहरा पर्व के मौके पर चार जून को हजारों श्रद्धालु जहां पक्का घाट पर स्नान करेंगे, वहीं वह पूजा पाठ कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना करेंगे। इसके लिए रोटरी क्लब के सदस्यों ने पक्का घाट पर साफ सफाई करके पूरे घाट को साफ सूथरा बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्लब की ओर से हर महीने पक्के घाट पर सफाई अभियान चलाया जाता है। डॉ. एससी सैनी ने बताया कि रादौर के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर के किनारे स्थानीय लोगों द्वारा सन 1834 में पक्का घाट बनाया गया था। जिसका धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है।

हर त्यौहार पर स्थानीय लोग अपने धार्मिक अनुष्ठान के लिए पक्के घाट पर पहुंचते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से पक्के घाट पर गंदगी नहीं फैलाए जाने, घाट को साफ सुथरा रखने की अपील की। इस अवसर पर रानी सैनी, सुमन शर्मा, मोहनलाल अरोड़ा, ब्रहमप्रकाश टंडन, रविंद्र शर्मा, संदीप सैनी व मास्टर गुरचरण सिंह आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** यमुनानगर में रादौर के पक्का घाट पर साफ सफाई करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### रादौर में दो स्थानों पर छबील लगा बुझाई प्यास

**रादौर।** श्रद्धालुओं ने रविवार को गीता कॉलोनी व क्षेत्रपाल नगरखेड़ा परिसर में छबीलें लगाकर लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राहगिरों को रोक रोक कर ठंडा मीठा जल पिलाया। गीता कॉलोनी में अजय कुमार, नक्श कुमार समेत अन्य श्रद्धालुओं ने छीबल लगाकर राहगिरों को मीठा ठंडा जल पिलाया। इस दौरान अजय कुमार व नक्श कुमार ने कहा कि लोगों को भयंकर गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई है।



**यमुनानगर।** रादौर की गीता कालोनी में छबील पर राहगीरों को मीठा जल पिलाते हुए श्रद्धालु।

#### क्षेत्रपाल नगरखेड़ा पर लगाई छबील

रादौर के आदि क्षेत्रपाल नगरखेडे पर रविवार को बच्चों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें सैंकड़ो राहगीरो की प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर कविता सैनी, निशा सैनी, कणिक सैनी, आयुष, करण, हर्ष सैनी, राघव व जतिन आदि ने बताया कि सभी बच्चों की ओर से मीठे पानी की छबील लगाई गई है। सभी बच्चों ने पैसे इकट्ठे करके व बड़ों के सहयोग से मीठा पानी पिलाने का काम किया है। किसी को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है।

### राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर कमाया पुण्य

**यमुनानगर।** गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरु नानक खालसा कॉलेज द्वारा छबील का आयोजन किया गया। छबील में राहगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने किया। मौके पर लंगर भी बरताया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने बताया कि गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष में छबील व लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, स्टॉफ सदस्यों और आगंतुकों के बीच छबील वितरित की गई।



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में ठंडा मीठा बनाते स्टॉफ सदस्य।

# सरकार विकास के लिए दृढ़ संकल्पित

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन ने चाय पे चर्चा कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के नागरिकों द्वारा निगम के वार्ड नंबर 22 में रविवार को चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने भाग लेकर लोगों की समस्याएं सुनी और विकास कार्यों पर चर्चा की।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नागरिकों को बताया कि हरियाणा की भाजपा सरकार विकास कार्यों के करवाए जाने को लेकर दृड़ संकल्पित है। उन्होंने मौके पर क्षेत्र में चल रही और भविष्य की विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि निगम क्षेत्र का समग्र विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ट्रिपल इंजन (केंद्र, राज्य व निगम) की शक्ति के साथ विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती है। बल्कि उन्हें धरातल पर उतार कर दिखाती है। उन्होंने जनता से भी विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अरोड़ा ने नागरिकों को विश्वास दिलाया कि उनकी हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।



**यमुनानगर।** वार्ड नंबर 22 में आयोजित चाय पे चर्चा कार्यक्रम में नागरिकों से बातचीत करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी।

# गंगाजल स्नान से मिलती है पापों से मुक्ति: बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के श्री हंस ज्योति मंदिर में गंगा दशहरा के पर्व के उपलक्ष में सद्भावना संत समागम व भंडारे का आयोजिन किया गया। समागम में महात्मा चतुर्वेदी बाई ने साध संगत को मां गंगा का जन्म प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया। इस दौरान उन्होंने भजनों के माध्यम से गंगा जन्म के प्रसंग का गुणगान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महात्मा चतुर्वेदी बाई ने फरमाया कि पुराणों के अनुसार गंगा का जन्म ब्रह्मा जी के कमंडल से हुआ है। गंगा ने अपने जल से भगवान विष्णु का चरण वंदना करने के उपरांत विष्णु लोक में स्थान पाया। देवी गंगा के प्रचंड प्रवाह वेग ने भागीरथ के राज्य के मार्ग में ऋषि जन्हु के आश्रम को नष्ट कर दिया था। इससे क्रोधित होकर ऋषि ने गंगा का सारा जल पी लिया । तब भागीरथ के विनय और प्रार्थना पर ऋषि जन्हु ने गंगा को मुक्त किया । इसलिए मां गंगा को जान्हवी के नाम से भी जाना जाता है। बाई ने फरमाया कि गंगा एक नदी ही नहीं है बल्कि जीवनदायिनी, पापनाशिनी व मोक्षदायिनी भी है। गंगा का देव नदी होने के कारण इसका जल अमृत तुल्य माना गया है। मान्यता है कि गंगाजल में स्नान करने पापों का नाश होता है। यही कारण है कि जीवन के अंतिम समय में मरने वाले व्यक्ति के मुख में गंगाजल डालने की प्रथा है। गरुड़ पुराण के अनुसार मृतक शरीर की अस्थियों को गंगा में विसर्जन करने से मृत्यु की आत्मा को शांति मिलती है और वह ब्रह्म लोग को जाता है।





**यमुनानगर।** जगाधरी में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित सद्भावना संत समागम में गंगा जन्म का प्रसंग सुनाती महात्मा बाई व श्रवण करती साध संगत।

### सत्संग सुनने से जीव का सुधर जाता है लोक व परलोक

महात्मा चतुर्वेदी बाई ने फरमाया कि संतों का सत्संग सुनने से जीव का लोक व परलोक सुधर जाता है । गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामायण में कहा है कि जो हर्षित मन से साधु संत की बात सुनते हैं और सुनने के बाद मनन करते हैं वह सहज में ही चार फलों की प्राप्ति कर जाते हैं। मौके पर साध्वी गरिमा बाई ने अपने भजनों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के प्रधान अजब सिंह, पवन कुमार गोयल, नौरती राम, राहुल चौधरी, अमित भारती, डॉ. मुनिश वर्मा,डॉ. गोपाल वर्मा, विशु गोयल, सतपाल सिंह, राजेश गर्ग, सुनील कुमार व रोहित मौजूद रहे।

## आधार कार्ड को 14 जून तक करवाएं नि:शुल्क अपडेट: गुप्ता



**यमुनानगर।** आधार कार्ड को निःशुल्क अपडेट करवाए जाने के लिए 14 जून तक की तिथि निर्धारित की गई है। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिलेवासियों को निर्धारित तिथि तक अपना आधार कार्ड निःशुल्क अपडेट करवाए जाने के लिए आहवान किया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार में दस्तावेज अपडेट करने का प्रावधान बनाया है। उन्होंने बताया कि प्रावधान के अनुसार आधार धारक आधार में नामांकन की तिथि से प्रत्येक 10 वर्ष पूरा होने पर कम से कम एक बार पहचान प्रमाण और पते का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके आधार में अपने सहायक दस्तावेजों को अपडेट कर सकते हैं। ताकि केंद्रीय पहचान डेटा रिपॉजिटरी में उनकी जानकारी की निरंतर सटीकता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई पोर्टल के माध्यम से आधार कार्ड में दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 14 जून तक निःशुल्क है। उपायुक्त ने जिलावासियों से शीघ्र अति शीघ्र अपने नजदीकी आधार अपडेशन केंद्र में आधार को 14 जून तक निःशुल्क अपडेट करवाए जाने की अपील की।

## रवि बने हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**रादौर।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के अधिवेशन में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष आशीष धीमान ने अध्यक्षता की। जिला अध्यक्ष आशीष धीमान ने बताया कि रविकुमार को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, संदीप ठसका व गोपाल नाचरौन को उपाध्यक्ष, राजकुमार अमलोहा को ब्लॉक सचिव, गुरमुख सिंह गुमथला को उप सचिव, प्रमोद कुमार को संगठन मंत्री, अशोक कुमार मुख्य सलाहकार, संदीप अलीपुरा को कोषाध्यक्ष, भीम राणा नाचरौन व संदीप धौलरा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### चोरों ने दो प्लाइवुड फैक्ट्री से चुराई लाखों रुपये की एल्युमिनियम प्लेट

- प्लेटों की कीमत करीब दो लाख 40 हजार रुपये बताई गई,पुलिस ने दर्ज किया केस

**यमुनानगर।** चोरों ने सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र में स्थित दो प्लाईवुड फैक्ट्री से करीब पांच लाख की एल्युमिनियम प्लेट चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजस्थान के जिला नागौर निवासी सुनील कुमार शर्मा ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव टोडरपुर के पास श्याम सलोना इंडस्ट्रीज के नाम से प्लाईवुड फैक्ट्री है। वह 15 मई को किसी काम से बाहर गया था। जब वह देर शाम वापस लौटा तो उसने देखा की फैक्ट्री से 32 एल्युमिनियम प्लेट गायब है। जिसकी कीमत करीब दो लाख 56 हजार रुपए है। काफी तलाश करने के बाद भी एल्युमिनियम प्लेट का कुछ भी पता नहीं चला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव जयपुर निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी करेड़ा खुर्द हाईवे के पास श्रीयम डिकोड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्लाईवुड फैक्ट्री है।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम जगाधरी में साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सकारात्मक दिशा के प्रेम से मानव बन जाता है देवतुल्य: भारती

- साध्वी वंशिका भारती ने मानवीय जीवन में प्रेम का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को मानवीय जीवन में प्रेम के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों को माध्यम से प्रभु का गुणगान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी वंशिका भारती ने मानवीय जीवन में प्रेम के महत्व को समझाते हुए फरमाया कि प्रेम जीवन की वह ऊर्जा है जो सकारात्मक दिशा की ओर प्रेरित हो जाए तो एक मानव को देवतुल्य बना देती है। प्रेम शब्द कहने व सुनने के लिए जितना छोटा है। मगर उसका अर्थ और भाव उतना ही विराट और विस्तृत रूप में सृष्टि को संचालित कर रहा है। लेकिन प्रेम का यह विराट स्वरूप तभी प्रकट होता है जब मनुष्य एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू की कृपा से अपने हृदय में परमात्मा का प्रकाश स्वरूप में दर्शन करता है। प्रेम का स्वभाव वर्षा के जल के जैसा होता है। वर्षा का जल सीप में जाकर मोती हो जाता है और वही किसी सर्प के मुख में जाकर विष का रूप धारण कर लेता है। प्रेम जब परमात्मा के साकार स्वरूप गुरु से जुड़ता है तब वह आत्मा को आनंदित करता है। लेकिन नश्वर वस्तु या व्यक्ति के साथ जुड़कर प्रेम की भावना ही मनुष्य के जीवन का पतन कर देती है। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि गुरु के साथ जब प्रेम की शुद्ध भावना जुड़ती है । तब वह अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकाशित होकर मनुष्य के जीवन को भी दिव्य ऊर्जा से तरंगित कर देती है। यदि साधारण शब्दों में कहें तो जिसे सब से प्रेम होता है वह किसी एक से प्रेम नहीं करता। जिसे उस एक से प्रेम हो जाता है तो उसका प्रेम सब के लिए होता है। गुरू प्रेम का दिव्य स्पंदन ही शिष्य के मन को विकार मुक्त कर के उसके जीवन को देवतुल्य बना देता है। यह प्रेम का स्वभाव है कि जिसके प्रति मनुष्य के भीतर प्रेम पैदा होता है। उसके गुण मनुष्य में सहज ही उतर जाते हैं।





**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति आश्रम में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करती साध्वी भारती व श्रवण करते श्रद्धालु

## खबर संक्षेप



### 13 साल की सेवा के बाद रामनिवास हुए सेवानिवृत

**थानेसर।** 13 साल से अधिक वर्षों तक अपनी समर्पित सेवा देने के पश्चात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरला मंदिर थानेसर ब्रांच में कार्यरत रामनिवास सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में बैंक प्रबंधक रोहन माहेश्वरी, नरेश, सहायक शाखा प्रबंधक अनुषा, सतविंदर सैनी, गुरदयाल एवं अन्य बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने सेवानिवृत रामनिवास को बेहतरीन जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक रोहन माहेश्वरी ने रामदास को सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार अपने सेवा काल में पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए सरकार की एवं बैंक की योजनाओं के प्रति लोगों को जागृत करने का कार्य किया है वह अपने आप में सराहनीय है। सेंट्रल बैंक में नौकरी करने से पूर्व रामनिवास जी ने 29 साल तक देश सेवा में एयर फोर्स में अपनी सेवाएं दी थी। इस अवसर पर सेवानिवृत रामनिवास के परिजन पंकज मित्तल, नैन्सी, शशि, निशा, ऊषा, पदमा, लवकेश आदि मौजूद रहे।

### विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य पर निकाली रैली

# साइकिल रैली के माध्यम से मिलेगा पर्यावरण चेतना का संदेश : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश में यूथ रेड क्रॉस द्वारा डायरेक्टरेट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कुलपति निवास के सामने से शुरू होकर स्पोर्ट्स ग्राउंड तक आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली का आरंभ किया। उन्होंने फिट इंडिया मिशन के तहत दिये गए नारे फिटनेस की डॉज, आधा घंटा रोज की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल रैली के माध्यम से पर्यावरण चेतना का संदेश मिलेगा। यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. ममता सचदेवा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व खेल निदेशक प्रो. डी एस राणा, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद कुमार, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. रमेश सिरोही, प्रो. दीपक राय बब्बर, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के सभी कोच, यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** साइकिल रैली को रवाना करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।



### अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर पौधे किए रोपित

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिपली सड़क पर पीपल के वृक्ष रोपित किए गए। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक और प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में पीपल के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. दलीप कुमार मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि प्रोफेसर दलीप कुमार ने बताया कि प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र और आस-पास 17500 से अधिक पौधे रोपित कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है और इतना ही नहीं यह संस्था साइकिल की सवारी को प्रोत्साहित करती है। समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि प्रेरणा समिति हरियाणा का गठन पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2014 में हुआ था। समिति के संस्थापक और प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि वर्षा ऋतू में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरंतर पौधे रोपित करेंगे। उन्होंने बताया वे सदैव साइकिल का प्रयोग करते हैं और पूरे हरियाणा में साइकिल पर 5 बार जा चुके हैं जिसका एक उद्देश्य है स्वस्थ जीवन तनाव मुक्त जीवन। इस अवसर पर सेवानिवृत उप निरीक्षक राजकुमार, निकुंज, सुमन सांगवान, ज्ञानो देवी, शशि पासी, अनीता रामपाल आदि उपस्थित रहे।

## 13 एकड़ में बनने जा रही नंद बाबा गोशाला के लिए हुआ भूमि पूजन यज्ञ



- समाजसेवी मयंक शर्मा के प्रयास से बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गायों के लिए बनेगी आधुनिक गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव लोहार माजरा में रविवार को नंद बाबा गोशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। समाजसेवी इंद्रजीत शर्मा व विमल शर्मा ने विधि विधान से हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। इंद्रजीत शर्मा ने बताया कि उनके पुत्र मयंक शर्मा की सोच है कि गोवंश के लिए बेसहारा शब्द प्रयोग ना हो। सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त चोटिल गोवंश को देखकर मयंक के मन में भाव आया कि गौ सेवा के लिए प्रयास किया जाए। गांवों में कब्जे युक्त गोचरान की भूमि को मुक्त करना आसान कार्य नहीं है। इसलिए मयंक शर्मा ने अपने प्रयास से 13 एकड़ जमीन खरीद कर इस पर गोशाला के निर्माण का निर्णय लिया है। उसी के चलते आज यहां भूमि पूजन किया गया। गो सेवक सुशील गुप्ता ने कहा कि संकल्प फाउंडेशन भी इस पुण्य कार्य में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने फाउंडेशन की ओर से यज्ञ में आहुति डाली और चारदीवारी के कार्य का शिलान्यास करवाया। गांव लोहार माजरा से कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के नेता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि गांव के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि यहां की भूमि इस पवित्र कार्य के लिए लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यूनियन भी मयंक शर्मा परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस निर्माण कार्य को पूरा करवाने में सहयोग करेगी।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर ब्लॉक समिति पूर्व चेयरमैन देवी दयाल, रमेश शर्मा, गौशाला सेवासमिति प्रधान सतीश शर्मा, पूर्व सरपंच नारायण शर्मा, ईश्वर शर्मा, रतन सिंह चौपड़ा, विकास राणा, जितेंद्र शर्मा, सतीश सैनी, जसविंदर सिंह राज, मनजीत सिद्धू, संजय, प्रवीण, अजय बजाज, संदीप, जगमाल, तुषार शर्मा व रोहित बागड़ी आदि व समस्त गौ सेवक मौजूद रहे।*

## लंबे समय तक नशे का सेवन मस्तिष्क की संरचना में करता परिवर्तन : डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

- राजकीय विद्यालय गांव बगथला में लगाया नि:शुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव बगथला में निशुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों को परामर्श, जांच और निःशुल्क दवाइयों की सुविधा दी। हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ ब्रेन एंड स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मरीजों को नशे से होने वाले मस्तिष्क विकारों और उच्च रक्तचाप के खतरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशे का लंबे समय तक सेवन मस्तिष्क की संरचना में परिवर्तन कर देता है, जिससे डोपामिन जैसे न्यूरो ट्रांसमीटर असंतुलित हो जाते हैं। इसके परिणाम स्वरूप व्यक्ति की निर्णय क्षमता कमजोर हो जाती है, स्मृति और सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आयुवेर्दाचार्य डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2007वें निशुल्क कैंप 116 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर व फ्री दवाइयां दी गई। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका राधा रानी, सोनू देवी जे.बी.टी., ग्राम सचिव गणेश दत्त, बलबीर, बिंदर कौर, बलविंदर सिंह, मोनिका कोऑर्डिनेटर जीएनएम, अंजू जीएनएम, रिया, गौरव, प्रवीण आदि मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** गांव बगथला में निशुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते डॉ हिमांशु जैन व अन्य।

## मॉक ड्रिल में माई भारत केंद्र के वॉलंटियर्स की सक्रिय भागीदारी




**कुरुक्षेत्र।** नागरिक सुरक्षा सेवा द्वारा ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत आज थानेसर स्थित पुरुषोत्तम पूरा बाग, ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों के तहत यह अभ्यास जिला प्रशासन की निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास में प्रशासनिक विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ माई भारत केंद्र कुरुक्षेत्र के वॉलंटियर्स ने भी संगठित और समर्पित रूप से सहभागिता की। उनकी उपस्थिति ने आपसी समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के महत्व को और अधिक सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। ड्रिल के दौरान नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।

## रविदासी समाज निष्ठावान और परोपकारी न जुल्म करते और न सहते हैं : कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ संगठन की बैठक को किया संबाधित

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री चौधरी सूरजभान कटारिया ने कहा कि रविदासी समाज निष्ठावान और परोपकारी है न ही जुल्म करते है और न हीं सहते हैं। पूर्व के इतिहासों को देखें जो जिम्मेदारी मेरे समाज के गौरवशाली लोगों को मिली है उसको हमने बेहतर तरीके से निभाया है। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ संगठन जिला कुरुक्षेत्र की सर्किट हाउस में आयोजित एक संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए सूरजभान कटारिया ने अपने समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में सुधार के लिए हमें समय - समय पर कदम उठाने होंगे और केंद्र को मोदी सरकार व हरियाणा की नायब सरकार भी हमारे समाज के हित में बहुत कार्य कर रही है। बैठक में प्रदेश महामंत्री कृष्ण भुकक्ल व राम कुमार राहल, नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता नंबरदार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रणबीर चौहान खैरी, प्रदेश सोशल मीडिया पर प्रभारी सुखबीर डलामाजरा, श्रीमति ज्योति स्वर्णाक्षी प्रदेश मीडिया प्रभारी, महीपाल फूले लोकसभा प्रभारी कुरूक्षेत्र आदि मौजूद रहे।


**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक में सूरजभान कटारिया का स्वागत करते आयोजक।

### विभिन्न गांवों में चलाया विकसित कृषि संकल्प अभियान:सहारण

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत दो टीम बनाई गई है, जिससे वैज्ञानिकों तथा किसानों का सीधा संवाद हो सके। उन्होंने कहा कि टीमों का लक्ष्य जिले के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करना और उन तक कृषि से संबंधित नई टेक्नोलॉजी को पहुंचाना है। उन्होंने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि पहली टीम की लीडर डा.सरिता रानी, जिला विस्तार विशेषज्ञ (सस्य विभाग) और दूसरी टीम की लीडर डा. कविता जिला विस्तार विशेषज्ञ की अगुवाई में दोनों ही टीम ने आज तीन-तीन गांव में जाकर किसानों को खेती से संबंधित नई तकनीक की वैज्ञानिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहली टीम ने गांव पिंडारसी, बारना और कमौदा के किसानों को जागरूक किया तथा दूसरी टीम ने गांव धुराला, हिंगाखेड़ी और अजराना कला गांव में जागरूकता अभियान चलाया।



### यूएसएफ कुरुक्षेत्र की शालिनियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** हाल ही में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली यूएसएफ कुरुक्षेत्र की शालिनियों को पीआईईटी के प्रतिभा सम्मान सम्मेलन में सम्मानित किया गया। यह शालिनियां डॉ. सुषमा शर्मा संयोजिका, यूएसएफ कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित प्रतिभा सम्मान सम्मेलन में पहुंचीं। कार्यक्रम में इन 26 शालिनियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पीआईईटी संस्थान के कंप्यूटर साइंस विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कविता रानी ने अपनी जिम्मेदारी को अत्यंत गंभीरता और कुशलता से निभाया। उन्होंने शालिनियों को उनकी टीमों के अनुसार करियर काउंसलिंग सत्र में पंजीकृत करवाया। डॉ. कविता रानी ने बताया कि पीआईईटी का प्रशासनिक कार्यालय कुरुक्षेत्र में भी है, जिससे शालिनियों को प्रवेश प्रक्रिया में काफी सहूलियत होगी। शालिनियां यहीं से किसी भी पाठ्यक्रम में पंजीकरण/ नामांकन करवा सकती हैं। यूएसएफ की एपीसी पूजा ने भी शालिनियों को संस्थान के बारे में जानकारी दी। एपीसी पूजा ने राकेश तायल से भी भेंट की और डॉ. सुषमा शर्मा एवं उदयन शालिनी परिवार की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान आईआरसी हर्षित बंसल ने प्रतिभागी शालिनियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। शालिनियों ने इस दौरान पीआईईटी परिसर का भ्रमण किया और संस्थान की सुंदरता, अनुशासन, तकनीकी सुविधाओं तथा प्रैक्टिकल लर्निंग एप्रोच से काफी प्रभावित हुईं।

## तंबाकू-मुक्त जीवन के लिए किया प्रेरित

- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आदेश मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करना और उन्हें तंबाकू-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की थीम चमकदार उत्पाद, काली मंशा आकर्षण के पीछे की सच्चाई को ध्यान में रखते हुए यह संदेश दिया गया कि तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का आकर्षक प्रचार युवाओं को भ्रमित करता है, जबकि इनका वास्तविक प्रभाव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं मनोरोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रिंसिपल डा. एन.एस. लांबा ने तंबाकू से संबंधित बीमारियों, विशेषकर कैंसर के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर डा. नेहा गौर, डा. रमन नरवाल, डा. विक्रांत प्रभाकर, डा. तनु कुंडल एवं डा. सुशील दलाल ने अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाई और प्रतिभागियों को तंबाकू से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. गुरसतिन्द्र सिंह, उप-चिकित्सा अधीक्षक डा. नरेश ज्योति, संस्थान के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र, फैकल्टी सदस्य तथा अन्य स्टाफ ने बढ़-चढकर भाग लिया।


**कुरुक्षेत्र।** तंबाकू के खिलाफ जन–जागरूकता का संकल्प लेते चिकित्सक व मेडिकल छात्र।


**कुरुक्षेत्र।** अंतिम विदाई के समय उमड़ा जनसैलाब। 1केयूके09

### मृतक के शरीर को मेडिकल रिसर्च के लिए किया दान

**कुरुक्षेत्र।** करीब 13 वर्ष पहले परिवार में शरीर दान की शुरू हुई परम्परा के चलते अब तीसरे सदस्य बरखा राम इन्सां की देह का भी दान किया गया है। बरखा राम इन्सां की पार्थिव देह अब मेडिकल रिसर्च के काम आएगी। जानकारी के अनुसार बाबैन के गांव कंदौली निवासी 79 वर्षीय बरखा राम इन्सां की मृत्यु हो गई। उन्होने डेरा सच्चा सौदा सिरसा में मृत्यु उपरांत शरीरदान करने का फार्म भरा हुआ था। उनकी इच्छानुसार परिवार ने डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी बरखा राम के शरीर को मेडिकल रिसर्च के लिए दान किया है। उनकी देह को नेशनल केपिटल रिजन इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस मेरठ मे एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया है। उनको अंतिम विदाई देने के लिए परिजनों, रिश्तेदारों, शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे। रविवार सुबह बरखा राम के शरीर को दान के लिए एंबुलेंस से ले जाया गया। इस दौरान शरीरदानी बरखा राम अमर रहे के नारों से पूरा आसमान गूंज उठा। अंतिम यात्रा मे शामिल हर किसी के दिल मे बरखा राम व उसके परिवार द्वारा किए गए इस कार्य के लिए सम्मान था। हर कोई बरखा राम को बार बार नमन कर रहा था।



### शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का मुख्य स्रोत है : हरिओम दास परिव्राजक

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका एवं शिव शक्ति आश्रम में मासिक यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति अपने परिवार सहित शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में गुरुग्राम के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संजीव धीमान व इगनू के जोन निदेशक डॉ. धर्मपाल सहित अन्य यजमान डॉ. राजपाल, संजय चौधरी, शालू यादव व स्नेह लता ने यज्ञ में आहुतियां डाली। डॉ. संजीव धीमान ने कहा कि यज्ञ हमारे आसपास के वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मन के विचारों को भी शुद्ध करता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने घर में हर माह यज्ञ अवश्य करवाना चाहिए। स्वामी हरिओम दास ने बालिकाओं को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी व उन्हें संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि केवल शिक्षा ही बदलाव का मुख्य स्रोत है। यज्ञ अनुष्ठान में संत राजेन्द्र सिंह, कृष्ण पांचाल, राजकुमार सैनी, ओमप्रकाश मित्तल, ओमप्रकाश गैरा, वरुण यादव, वीरेंद्र पाल, सुनील कुमार, डॉ. माणिक, एडवोकेट संदीप कश्यप, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

# बच्चों को गायन, वादन और नृत्य की दी जाएगी शिक्षा

- कैंप के लिए अब तक 75 बच्चों का हुआ पंजीकरण

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ रविवार को किया गया। कैंप का शुभारंभ वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्र के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप के लिए अब तक 75 बच्चों का पंजीकरण हो चुका है। यह कैंप 10 जून तक चलेगा। का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र और महावीर सत्संग सभा कुरुक्षेत्र के सभी सजन उपस्थित रहे। कैंप में बच्चों को गायन, वादन, नृत्य आदि की शिक्षा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त वेस्टर्न डांस, क्लासिकल डांस, हारमोनियम, गिटार कांगो जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण और आर्ट एवं क्राफ्ट की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। 29 मई तक पंजीकरण कराने वाले बच्चों को लकी ड्रा के माध्यम से आकर्षक इनाम दिए गए। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष यह समर कैंप आयोजित किया जाता है, जिसमें बच्चों की कला प्रतिभा को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह समर कैंप बच्चों की प्रतिभा को निखारने, उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहन देने और संगीत व कला के प्रति रूचि बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा यह आयोजन हर वर्ष सफलतापूर्वक किया जाता है, जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग मिलता है।


**कुरुक्षेत्र।** समर कैंप का शुभारंभ करते वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक।

### समर कैंप से बच्चों में प्रतिभा का होता विकास : स्वामी हरिओम

*स्वामी हरिओम परिव्राजक ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल और टीवी में व्यस्त रहते हैं। इससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाता अपितु आंखों में कमजोरी जरूर आती है। बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की भी सजगता जरूरी है। उन्हें भी चाहिए कि अपने बच्चों को जहां भी खेल गतिविधियों संचालित हो रही है वहीं अनिवार्य रूप से भेजें। इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैम्प के माध्यम से अपनी छुट्टियों को आनंदमयी बनाने के साथ-साथ अपने अंदर के बाल कलाकार को एक नये आयाम देवें ताकि भविष्य में इसे याद रखा जा सके। कहा कि कला केंद्र में इस तरह के कैंप का आयोजन समय-समय पर आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके।*

